# ग्राम पंचायत रियाली, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176058 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023

भाग–एक

1. (क)प्रस्तावना

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत रियाली, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती उर्मिला देवी | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

सचिव :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री स्वरूप सिंह | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

तकनीकी सहायक :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विशाल शर्मा | 01.04.2021 से 09.04.2022 |
| 2 | श्री स्वर्ण सिंह | 10.04.2022 से 31.03.2023 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री शशि कांत | 01.04.2021 से 04.06.2022 |
| 2 | श्री राजेश कुमार छत्रालियां | 05.06.2022 से 31.03.2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत रियाली के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4 (ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.17 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 27.23 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.00 |
| 4 | 6.2 | सम्पति कर/गृहकर से प्राप्त आय को बैंक में जमा न करवाना | 0.04 |
| 5 | 6.4 | विवाह पंजीकरण शुल्क का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.11 |
| 6 | 7.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 44.79 |
| 7 | 7.2 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 11.06 |
| 8 | 7.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में रॉयल्टी की कटौती न करने के फलस्वरूप सम्भावित राजकीय राजस्व हानि | 2.39 |
| 9 | 8 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 26.70 |
| 10 | 10 | मूल बिल की अपेक्षा प्रोफार्मा बिल पर भुगतान करना | 4.16 |

## भाग—दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः—**

ग्राम पंचायत रियाली के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 13.03.2024 से 20.03.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2021–22 | 02/2022 | 11/2021 |
| 2022–23 | 03/2023 | 05/2022 |

अस्वीकरणः—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का. /2024/–127 दिनांक 20.03.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक बडूखर के मल्टीसिटी चैक संख्या 627465 दिनांक 28.03.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को प्रेषित कर दिया गया है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/–114 दिनांकः 13.03.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 52045.00 | 652680.00 | 704725.00 | 467246.00 | 237479.00 |
| 2022-23 | 237479.00 | 520635.00 | 758114.00 | 433581.00 | 324533.00 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021-22 | 2610311.00 | 5761278.00 | 8371589.00 | 5634794.82 | 2736794.18 |
| 2022-23 | 2736794.18 | 9721974.32 | 12458768.50 | 9735431.57 | 2723336.93 |

**कुल योग** (1+2) 324533.00 +2723336.93 **=3047869.93**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः—**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से ₹3047869.93 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **परिशिष्ट—3** के अनुसार अन्तशेष 3293536.68 व **परिशिष्ट—3.1** से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वितायोग | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 20052006820 | 324533 |
| 2 | टी•एस•सी/एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055364632 | 0 |
| 3 | वी•के•वी•एन•वाई/एस•डी•पी | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055364564 | 21108 |
| 4 | एम•पी•लेड | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055364575 | 23340 |
| 5 | पी•एस | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055364520 | 0 |
| 6 | जेड•पी | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055363661 | 7222 |
| 7 | 14वाँ वित्तायोग | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 50055363638 | 0 |
| 8 | 15वाँ वित्तायोग | एच•जी•बैंक बड़ूखर | 87880100051469 | 2917333.68 |
| 9 | हस्तगत शेष | | | 0 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः— | | | | ₹3293536.68 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :—** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेषः— | | | | ₹3047869.93 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः— | | | | ₹3293536.68 |
| अन्तरः— | | | | ₹245666.75 |

## दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणीः–

| | |
|---|---|
| **पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 को अन्तशेष** | ₹3293536.68 |
| **घटाव** :–1. 15वां वितायोग, वाउचर संख्या 38, रो.बही.पृ. 21, दिनांक 31.03.23 को जारी, परन्तु भुगतान 01.04.23 को हुआ **₹24840**<br>2. 15वां वितायोग, वाउचर संख्या 39,रो.बही पृ. 21, दिनांक 31.03.23 को जारी परन्तु भुगतान 01.04.23 को हुआ **₹150300**<br>3. 15वां वितायोग, वाउचर संख्या 40,रो.बही पृ. 21, दिनांक 31.03.23 को जारी परन्तु भुगतान 01.04.23 को हुआ **₹40241.75**<br>4. 15वां वितायोग, वाउचर संख्या 41,रो.बही पृ. 21, दिनांक 31.03.23 को जारी परन्तु भुगतान 01.04.23 को हुआ **₹23727**<br>5. 15वां वितायोग, वाउचर संख्या 42,रो.बही पृ. 21, दिनांक 31.03.23 को जारी परन्तु भुगतान 01.04.23 को हुआ **₹23727**<br>कुल **262835.75** | 262835.75 |
| **पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 को संशोधित अन्तशेष** | **₹3030700.93** |
| **रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेष** | **₹3047869.93** |
| वास्तविक अंतर | 17169 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

### (ग) रोकड़ बही का बैंक खातों के साथ नियमानुसार मिलान न करने के कारण ₹0.17 लाख का अन्तर पाया जानाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत रियाली द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹17169/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 (ख) में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/115 दिनांक 15.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.रियाली/01 दिनांकः 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा।

अतः इस बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके तथा बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः—**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप—7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के वाउचरों का अवलोकन करने पर इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी—कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं।

| अनुदान शीर्ष | वाउचर सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1.एस.बी.एम | 08/16.11.2021 | निर्माण सी.एस.सी खेल मैदान बेला लुधायडचा वार्ड—5 | 8400 |
| 2.एस.बी.एम | 03/19.05.2022 | निर्माण सार्वजनिक शौचालय खेल मैदान बेला लुधायडचा वार्ड—5 | 71488 |
| 3.वी.के.वी. एन.वाई | 01/11.05.2022 | निर्माण रोड ख्वाजी से लेकर तक मुहल्ला ढांगू की ओर वार्ड—2 | 107232 |
| 4. वी.के.वी. एन.वाई | 01/11.05.2022 | निर्माण रोड हैण्डपम्प बेला ठाकरा से लेकर नवें घर की ओर वार्ड—4 | 142976 |

यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/126 दिनांकः 20.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—जी.पी रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जा रहे है। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी

खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(ङ) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव अलग–अलग न रखनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनो के लिये आबंटित निधियाँ और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत रियाली द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानो जैसे कि 5वां वित इत्यादि की सयुंक्त रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, पांचवा वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एंव निर्देशो के विरूद्ध खाता संख्या 20052006820 में ही प्राप्त अनुदानो को जमा किया गया तथा इससे ही व्यय किया गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/126 दिनांकः 20.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या जी.पी रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि भविष्य में खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः निर्देशों/नियमानुसार रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 5.1 अनुदान राशि ₹27.23 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एंव मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2023/–114 दिनांकः–13.03.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1** व **परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2023 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹2723336.93 की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | वी.के.वाई.एन.वाई/एस.डी.पी | 31.03.2023 | 17239 |
| 2. | एम.पी.लेड | 31.03.2023 | 23340 |
| 3. | जेड.पी | 31.03.2023 | 5429 |
| 4. | 14वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 22831 |
| 5. | 15वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 2654497.93 |
| | | **कुल जोड** | **2723336.93** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है। इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/116 दिनांकः 15.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्यः–जी.पी रियाली दिनांक 20.03.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेकर उपयोग कर लिया जायेगा ।

अतः अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानो की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन(Update) करके समस्त

प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर की राशि ₹0.19 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/114 दिनांकः 13/03/2024 की अनुपालना में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर की मद में ₹1,00,035/— की राशि दिनांक 31.03.2023 को वसूली हेतु शेष थी। इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत पर्याप्त कारणों के बिना अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/117 दिनांकः—16.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—जी.पी रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय से सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जा रही है तथा वसूली उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यों एवं आंकड़ों के अभाव में संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 सम्पति कर/गृहकर से प्राप्त आय ₹0.04 लाख को बैंक में जमा न करवानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को संबंधित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत रियाली की सम्पति कर की रसीद बुकों के अवलोकन पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार ₹3800 ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में कम जमा करवाये गये थे :—

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | प्राप्त आय | बैंक में जमा | कम जमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 160701 से 160800 | निल | 30200 | 151550 | 3800 |
| 2 | 161301 से 161400 | निल | 31700 | | |
| 3 | 160401 से 160500 | निल | 30750 | | |
| 4 | 160501 से 160600 | निल | 29850 | | |
| 5 | 160801 से 160900 | निल | 32850 | | |
| | | **जोड** | **155350** | **151550** | **3800** |

यह न केवल गम्भीर अनियमितता है, अपितु आपतिजनक भी है, जिससे पंचायत स्वःस्त्रोतों की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त राशि को बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/118 दिनांकः 16/03/2024 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत रियाली के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि को बैंक में जमा करवा दिया जायेगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसे अविलम्ब पंचायत निधि में जमा करवाना सुनिश्चित करें भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाए।

## 6.3 गृहकर मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम के नियम 33 व 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर की मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत के गृहकर मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए दिनांक 31.03.2023 को सम्पति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः गृहकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्रातिशीघ्र इसे तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 6.4 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में राशि ₹0.11 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना:–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनो के बाद 90 दिनो के भीतर ₹400 (सामान्य) से व ₹ 50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना के अनुसार 51 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200/400 की दर से कोई राशि नहीं वसूली गई थी। जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹11200 वसूल किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त वसूली न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/117 दिनांकः 16/03/2024 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत रियाली के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली करके सरकारी कोष में जमा करवा दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त देय राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करना सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.1 क्रय किये गये सामान राशि ₹44.79 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत रियाली के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"6"** पर संकलित राशि ₹44,78,814/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/123 दिनांकः–18.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी रियाली/01

दिनांक 20/03/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से स्टॉक प्रविष्टियां की जा रही है। प्रस्तुत उतर तथ्यों एवं आंकड़ों के अभाव में संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये सामान का सम्बन्धित स्टोर/स्टॉक रजिस्टरों में इन्द्राज न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये इसका इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 7.2 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹11.06 लाख के स्टॉक का क्रय करना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत रियाली के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट—"6"** में दिए गए विवरणानुसार ₹11,05,568/— का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/122 दिनांकः 18/03/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—जी.पी. रियाली/01 दिनांक 20/03/2024 द्वारा सूचित किया गया भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके सामान क्रय किया जायेगा। प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये इस को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये ही नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के समर्थन में नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख की अनुपस्थिति में रॉयल्टी की कटौती न करने के फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹2.39 लाख की सम्भावित राजस्व हानिः—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या

सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा [redacted] "7" पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹2,39,186/– का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/125 दिनांक:–19.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–जी.पी.रियाली/01 दिनांक 20/03/2024 द्वारा सूचित किया गया कि गत समय में रॉयल्टी की कटौती नहीं की गई है जिसकी वसूली आगामी समय में करके किश्तो में जमा करवा दिया जायेगा तथा अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जायेगा। दिया गया उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है। क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853" नॉन फैरस माइनिंग एवं मेटोलोजिकल इंडस्ट्रीज उप–शीर्ष "102" मिनरल कन्सेशन फीस किराया एवं रॉयल्टीज "81" खनिज फीस रियायत आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर उसकी भी वस्तुस्थिति अनुसार वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8 ₹26.70 लाख के निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह के व्यय वाउचरो के समर्थन में निम्न विवरणानुसार राशि ₹26,69,902/– के निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर संख्या/दिनांक | निर्माण कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 03/17.11.2021 | अपवर्धन खेल मैदान बेला लदयारचा बास्केट बॉल फिलिंग | 30875 |
| 2 | मनरेगा | 04/17.11.2021 | अपवर्धन खेल मैदान बेला लदयारचा क्रिकेट फिलिंग | 30875 |
| 3 | मनरेगा | 05/17.11.2021 | अपवर्धन पंचवटी बेला लदयारचा फिलिंग | 30875 |
| 4 | मनरेगा | 06,07/17.11.2021 | निर्माण जीपेवल रास्ता वार्ड–4 ग्रा.प. रियाली | 25878 |
| 5 | मनरेगा | 10/17.11.2021 | निर्माण जीपेवल रास्ता वार्ड–7 ग्रा.प. रियाली | 14200 |
| 6 | मनरेगा | 23/17.11. 21,निल/17.05.22 | निर्माण जीपेवल रास्ता मेंन चौक से सरवन के घर तक | 354783 |
| 7 | मनरेगा | 24/17.11. 21,निल/17.05.22 | निर्माण जीपेवल रास्ता मेंन रोड से जागीर इत्यादि के घर तक | 393561 |
| 8 | मनरेगा | 27/17.11. 2021,निल/17.05.22 | निर्माण जीपेवल रास्ता मुहल्ला ठाथ वार्ड–9 | 395063 |
| 9 | एस.बी. एम | 03/19.05.2022 | निर्माण सार्वजनिक शौचालय खेल मैदान बेला लुदयाडचा–2 ,वार्ड–5 | 35744 |
| 10 | एस.बी. एम | 03/19.05.2022 | निर्माण सार्वजनिक शौचालय खेल मैदान बेला लुदयाडचा–3 ,वार्ड–5 | 35744 |
| 11 | वी.के.वी. वाई.एन | 01/11.05.2022 | निर्माण रोड ख्बाजी से लेकर मुहल्ला ढांगू की ओर वार्ड–2 | 107232 |
| 12 | वी.के.वी. वाई.एन | 03/11.05.2022 | निर्माण रोड हैण्डपम्प बेला ठाकरा से लेकर नवें घर की ओर वार्ड–4 | 142976 |
| 13 | मनरेगा | निल,निल/30.05. 22,17.05.22 | निर्माण मोक्षधाम बेला ठाकरा वार्ड–4 | 244332 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | मनरेगा | निल / 30.05.22 | निर्माण क्रिकेट खेल मैदान वार्ड–5 | 254100 |
| 15 | मनरेगा | निल / 30.05.22 | सुरक्षा दीवार खेल मैदान व पंचवटी चारो ओर | 159654 |
| 16 | मनरेगा | निल / 30.05.22 | अपवर्धन खेल मैदान बेला लदयारचा | 145140 |
| 17 | मनरेगा | निल / 17.05.22 | निर्माण जीपेवल रोड नेहर से मेन रोड वार्ड–1 | 134435 |
| 18 | मनरेगा | निल / 17.05.22 | निर्माण जीपेवल रास्ता लिंक रोड से वीर सिंह वार्ड–4 | 134435 |
| | | | **कुल योग** | **2669902** |

उक्त निर्माण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे सचिव ग्राम पंचायत रियाली से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 126 दिनांकः 20 / 03 / 2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.रियाली / 01 दिनांक 20 / 03 / 2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि आगामी अंकेक्षण में माप पुस्तिकाओं को प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः संबंधित माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत न कर पाने का औचित्य स्पष्ट करते हुये अपेक्षित अभिलेख हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 101 (2) (III) की अनुपालना सहित अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

**9 राशि ₹44.00 लाख के निर्माण कार्यो से संबन्धित स्वीकृति / कार्य आदेश, प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति प्रस्तुत न करने बारेः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता।

ग्राम पंचायत रियाली की नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया निम्न विवरणानुसार कनिष्ठ अभियन्ता स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यो के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव मे उक्त कर्मचारी के स्तर पर किये गये कार्यो व उसमें प्रयुक्त सामग्री / लेबर के व्यय खपत की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी :–

| क्र0 सं0 | अवधि | अनुदान | निर्माण कार्य | स्वीकृत राशि | अभिलेख जो प्रस्तुत नहीं किये गये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021–22 | मनरेगा | अपवर्धन खेल मैदान बेला लदयारचा बास्केट बॉल फिलिंग | 500000 | प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, माप पुस्तिका |
| 2 | 2021–22 | मनरेगा | अपवर्धन खेल मैदान बेला लदयारचा क्रिकेट फिलिंग | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 3 | 2021–22 | मनरेगा | निर्माण जीपेवल रास्ता वार्ड–4 ग्रा.प. रियाली | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 4 | 2021–22 | मनरेगा | निर्माण जीपेवल रास्ता मेंन चौक से सरवन के घर तक | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 5 | 2021–22 | मनरेगा | निर्माण जीपेवल रास्ता मेंन रोड से जागीर इत्यादि के घर तक | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 6 | 2021–22 | मनरेगा | निर्माण जीपेवल रास्ता मुहल्ला ठाथ वार्ड–9 | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 7 | 2022–23 | VKVNY/ SDP | निर्माण रोड ख्बाजी से लेकर मुहल्ला ढांगू की ओर वार्ड–2 | 400000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 8 | 2022–23 | मनरेगा | सुरक्षा दीवार खेल मैदान व पंचवटी चारो ओर | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| 9 | 2022–23 | मनरेगा | निर्माण जीपेवल रास्ता मुहल्ला ठाथ वार्ड–9 | 500000 | कार्य आदेश, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका |
| | | | **कुल योग** | **4400000** | |

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/126 दिनांक:–20.03.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–जी.पी.रियाली/01 दिनांक 20/03/2024 द्वारा सूचित किया कि उक्त अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस सन्दर्भ में अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10 ₹4.16 लाख का भुगतान मूल बिल की अपेक्षा प्रोफार्मा बिल पर ही करना:–

पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 47(1 व 2) के अनुसार पंचायत निधियों से किये गये प्रत्येक व्यय को समुचित वाउचर से समर्थित किया जाना अपेक्षित है।

चयनित माह के वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि निम्नतालिका के अनुसार मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री खरीदने हेतु किये गये भुगतान ₹415711/– के व्यय के विरूद्ध विक्रेता अथवा आपूर्तिकर्ता के उचित आपूर्ति बिल उपलब्ध नहीं थे। इस मामले में पंचायत द्वारा एक मुद्रित प्रोफॉर्मा, जैसा कि आमतौर पर अन्य सरकारी विभागों द्वारा आपूर्तिकर्ता के बिल के साथ विभागीय प्रयोग हेतु आवरण वाउचर (covering voucher proforma) के रूप में प्रयोग किया जाता है, में ही आपूर्तिकर्ता की रसीद दर्शाई गई थी। आपूर्तिकर्ता के बिल तथा उचित रसीद के अभाव में यह व्यय सही प्रतीत नहीं होता है। यह एक अत्यंत गम्भीर अनियमितता है।

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर/ दिनांक | आपूर्तिकर्ता | सामग्री | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 15/17.11.21 | मै0रूद्र इंटरप्राईजेस धोलपुर ततवाली | इंटरलॉकिंग ब्लॉक (जी.एस.टी. सहित) | 128304 |
| 2 | मनरेगा | 18/17.11.21 | मै0रूद्र इंटरप्राईजेस धोलपुर ततवाली | इंटरलॉकिंग ब्लॉक | 35640 |
| 3 | मनरेगा | 21/17.11.21 | मै0रूद्र इंटरप्राईजेस धोलपुर ततवाली | इंटरलॉकिंग ब्लॉक (जी.एस.टी. सहित) | 128304 |
| 4 | मनरेगा | निल/ 30.05.22 | मै0 भारती इंटरप्राईजेस बहादुरपुर भोजपुर | पाईप,सीट,पतरा इत्यादि (जी.एस.टी. सहित) | 123463 |
| | | | | **कुल योग** | **415711** |

इस गम्भीर प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/126 दिनांकः 20/03/2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत रियाली के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या जी.पी. रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि मूल बिलों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। अतः इन प्रकरणों तथा इनके जैसे अन्य प्रकरणों की पंचायत द्वारा उच्च विभागीय स्तर पर गहन जांच करके वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा वस्तुस्थिति नियमानुसार कार्यवाही करते हुए भविष्य हेतु इस कार्यविधि को तुरन्त प्रभाव से बन्द करते हुए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11 निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विसंगतियांः—

निर्माण कार्यों से सम्बन्धित वाउचर नस्तियों में उपलब्ध बिल/वाउचरों के नमूना अंकेक्षण उपरान्त तथा पैरा संख्या "8" के अंतर्गत दिखाये गये व्यय के अनुसार निर्माण कार्यों के सन्दर्भ में पाया गया कि निर्माण कार्य निष्पादन हेतु हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 में प्रावधित नियमों की अनुपालना नहीं की जा रही है। इन बिलों में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैं:—

1. नियम 96(1) की अनुपालना में अनुभागी/संकर्म समिति नहीं बनाई गई थी जिसके साथ निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य निष्पादन हेतु पंचायत द्वारा उक्त नियमावली के **"परिशिष्ट – ई"** में दिए गए "अनुबन्ध" प्रारूप में अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित था।

2. हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के उप नियम 93 (1) (ए) के अनुसार ग्राम पंचायत को प्रत्येक निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु सहभागी समिति का गठन करना अनिवार्य है ताकि निर्माण कार्यो में पारदर्शिता स्थापित की जा सके। अंकेक्षण अवधि के अंतर्गत ग्राम पंचायत रियाली द्वारा निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु सहभागी समिति का गठन नहीं किया गया व सभी कार्य सहभागी समिति के अनुमोदन के बिना स्वयं करवाए गए है, जोकि पंचायती राज अधिनियम 2002 के अध्याय– ग्यारह के नियम 93 की अवहेलना है।

3. नियम 104(2)(1) तथा 105 की अनुपालना में निर्माण कार्यों की नमूना जाँच मापन पुस्तिका में सम्बन्धित विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों जैसे कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, आदि द्वारा नहीं की गई थी।

4. किसी भी योजना में निर्माण सामग्री आपूर्ती के बिलों को कनिष्ठ अभियन्ता/तकनीकी सहायक द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था जिसके कारण किये गये भुगतान की प्रमाणिकता संदिग्ध हो जाती है।

5. निर्माण कार्यो के बिलो के भुगतान के समय पंचायत द्वारा नियमानुसार टी.डी.एस, रॉयल्टी की अपेक्षित कटौती नहीं की थी।

इन अनियमितताओं बारे अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/126 दिनांकः 20.03.2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत रियाली को अवगत करवाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः--जी.पी. रियाली/01 दिनांक 20.03.2024 द्वारा सूचित किया गया कि वतर्मान समय से इन नियमों की अनुपालना की जा रही है।

अतः उपरोक्त नियमों की अवहेलना किये जाने बारे उचित स्पष्टीकरण के अतिरिक्त भविष्य हेतु नियमानुसार कार्य करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 12 नियमों की अवहेलना करते हुए महत्वपूर्ण अभिलेखो का अनुरक्षण न करनाः--

हि• प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 व हि•प्र• पंचायती राज सामान्य नियम 34 के अन्तर्गत प्रावधित महत्वपूर्ण अभिलेख/रजिस्टरों का अनुरक्षण किया जाना अपेक्षित है।

